
श्रृंखला फतह करने उतरेगा भारत

वेस्टइण्डीज बराबरी के साथ बना रहना चाहेगा, पावर हिटर्स पर होंगी नजरें, चौथा टी-२० आज

हैदराबाद (एजेन्सियां)। शानदार फार्म में चल रहे भारतीय बल्लेबाज वेस्टइण्डीज के खिलाफ बुधवार को यहां चौथे टी-२० मैच में इसी लय को बरकरार रखते हुए शानदार जीत के साथ श्रृखला अपने नाम करना चाहेंगे। भारत इस समय २-१ से आगे है और उसे श्रृंखला फतह करने के लिये बस एक जीत की जरूरत है। वहीं पिछले मैच में हार के बाद कैरेबियाई टीम वापसी कर जीत के साथ बराबरी करने की कोशिश करेगी। एक बार फिर मैच का रूख दोनों टीमों के 'पावर हिटर्स' पर निर्भर करेगा। भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है जिससे श्रृंखला में अभी तक भारतीय मध्यक्रम पर अधिक दबाव नहीं बना है। अभिषेक ने इंदौर में तीसरे टी-२० में ३० गेंद में ६९ रन बनाये जिसमें छह चौके और पांच छक्के शामिल थे। भारत ने २२३ रन का स्कोर बनाकर मैच जीता था। भारत के लिये चिंता का एकमात्र कारण शीर्षक्रम के शानदार फार्म के कारण मध्यक्रम के बल्लेबाजों को अधिक अभ्यास नहीं मिल पाना है। शीर्ष तीन के नाकाम रहने पर तिलक वर्मा, नीतिश कुमार रेड्डी और नमन धीर को जिम्मेदारी संभालनी होगी खासकर जब लक्ष्य बड़ा हो। दूसरी ओर वेस्टइण्डीज के लिये चुनौती भारतीय रनगति पर अंकुश लगाने की होगी। कप्तान श्रेयस अय्यर ने पहले टी-२० में शतक लगाया था जबकि दूसरे मैच में सैमसन और ईशान ने बड़ी पारियां खेली हालांकि यह मैच वेस्टइण्डीज ने जीता। तीसरे मैच में अभिषेक का दबदबा रहा। वेस्टइण्डीज के हरफनमौला शामार स्प्रिंगर ने स्वीकार किया था कि अभिषेक के फार्म में होने पर उनकी



टीम के पास रक्षात्मक खेलने क अलावा कोई चारा नहीं रह जाता। उन्होंने कहा था प्लान बी यही है कि हम रक्षात्मक खेलने की कोशिश करेंगे और यही प्रयास रहेगा कि वह एक या दो रन ही ले सके। वेस्टइण्डीज के सलामी बल्लेबाज शेरफान रदरफोर्ड ने अभी तक १८९ के स्ट्राइक रेट से १७२ रन बनाये हैं। उन्होंने तीन मैचों में १२ छक्के जड़े हैं। कप्तान शाई होप ने १८२ की स्ट्राइक रेट से १५९ रन बनाये हैं। विश्व चैम्पियन भारत को उसकी धरती पर हराने के लिये हालांकि वेस्टइण्डीज को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत के गेंदबाजों को भी अनुशासित प्रदर्शन करना होगा क्योंकि रांची में दूसरे टी-२० में जीत के लिये २५० रन का लक्ष्य वेस्टइण्डीज ने नौ गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया था जिसमें होप ने ४५ गेंद में १०२ रन बनाये थे। इंदौर में शिमरोन हेटमायेर (४३), कामिल पूरन (४२) और स्प्रिंगर (नाबाद ३५) ने अच्छी पारियां खेली। अर्शदीप सिंह के तीन विकेट की मदद से भारत ने हालांकि मुकाबला जीता। भारत ने इस मैदान पर पिछली बार टी-२० मैच बांगलादेश के खिलाफ २०२४ में खेला था तब छह विकेट पर २९७ रन बनाकर १३३ रन से जीत दर्ज की थी। सैमसन ने उस मैच में ४३ गेंद में १११ रन बनाये थे और वह एक बार फिर यहां यादगार पारी खेलना चाहेंगे।

भारत-श्रेयस अय्यर (कप्तान), ईशान किशन, संजू सैमसन (विकेटकीपर), नमन धीर, वैभव सूर्यवंशी, तिलक वर्मा (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, शिवम दुबे, नीतिश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, प्रिंस यादव, रवि बिश्नोई, मयंक यादव।

वेस्टइंडीज-शाई होप (कप्तान और विकेटकीपर), ज्वेल एंड्रयू (विकेटकीपर), शिमरोन हेटमायर, आमिर जांगू (विकेटकीपर), कामिल पूरन, रोवमैन पावेल, शेरफान रदरफोर्ड, क्वेंटिन सैम्पसन, रोस्टन चेज, कीमो पाल, रोमारियो शेफर्ड, शमर स्प्रिंगर, मैथ्यू फोर्ड, अकील होसेन, शमर जोसेफ, गुडाकेश मोती।

समय-रात्रि सात बजेसे।

तीसरे दिन ही यूपी, मुम्बई हैदराबाद पारी से विजयी

रणजी ट्राफी



राजगीर/मुम्बई/ सिकंदराबाद (एजेन्सियां)। कार्तिक यादव और करण शर्मा की शानदार गेंदबाजी की बदौलत उत्तर प्रदेश ने मंगलवार को यहां रणजी ट्राफी के ग्रुप ए मुकाबले में बिहार को पारी और २६७ रन से हरा दिया। उत्तर प्रदेश ने पहली पारी में ५४० रन बनाने के बाद बिहार को दोनों पारियों को क्रमशः १४१ और १३२ रन पर समेट दिया। इस तरह उसने तीसरे दिन ही एकतरफा जीत हासिल की। फालोऑन खेलने उतरी बिहार की टीम दूसरी पारी में भी चुनौती पेश नहीं कर सकी और ३६.४ ओवर में १३२ रन पर आउट हो गयी। करण शर्मा ने १७ रन देकर तीन विकेट लिए जबकि जीशान अंसारी ने ४० रन देकर चार विकेट हासिल कर बिहार की बल्लेबाजी को ध्वस्त किया। बिहार की तरफ से मंगल महरौर ने सर्वाधिक २७ रन बनाए जबकि कप्तान सकिबुल गनी ने २४ रन का योगदान दिया। सूरज कश्यप ने १७ गेंद में तेजी से २५ रन बनाये लेकिन बिहार के बल्लेबाज टिककर खेलने में नाकाम रहे। पहली पारी में २६ रन देकर चार विकेट लेने वाले कार्तिक यादव ने दूसरी पारी में दो और विकेट चटकाए। उन्होंने मैच में कुल छह विकेट हासिल किए। करण ने भी दोनों पारियों में कुल सात विकेट लेकर जीत में अहम योगदान दिया। इससे पहले बिहार की टीम पहली पारी में केवल १४१ रन बना सकी थी। कार्तिक और करण ने चार-चार विकेट लिए थे। महरौर ने सर्वाधिक २५ रन बनाए जबकि श्रमण निग्रोध ने २३ रन का योगदान दिया। उत्तर प्रदेश को इस जीत से बोनस अंक सहित सात अंक मिले। उधर मुम्बई ने एलीट ग्रुप डी मुकाबले में चंडीगढ़ को पारी और १५५ रन से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। मुम्बई ने तीन दिन के अंदर जीत दर्ज की और बोनस अंक भी हासिल किया। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गये इस मुकाबलेमें मुम्बई के गेंदबाजों ने चंडीगढ़ की दूसरी पारी में भी शानदार प्रदर्शन किया। मुम्बई ने इससे पहले सोमवार को मैच के दूसरे दिन चंडीगढ़ की पहली पारी महज ७८ रन पर समेट कर ३५१ रन की बढ़त हासिल कर उसे फालोआन दिया। चंडीगढ़ ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक एक विकेट गंवाया था। मुम्बई के गेंदबाजों ने मंगलवार को मेहमान टीम की दूसरी पारी ५२.१ ओवर में १९६ रन पर समेट दी। शम्स मुलानी ने ६९ रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि तनुष कोटियान ने ३० रन देकर तीन विकेट चटकाए। इससे पहले मुम्बई ने अपनी पहली पारी में ४२९ रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया था। सिकंदराबाद में हैदराबाद ने ग्रुप बी मुकाबले के तीसरे दिन त्रिपुरा को पारी और ४० रन से हरा कर विजयी आगाज किया। तेज गेंदबाज तन्य त्यागराजन और मोहम्मद सिराज ने मिलकर आठ विकेट चटकाए जिससे हैदराबाद ने दूसरी पारी में त्रिपुरा को १२० रन पर समेट दिया। त्रिपुरा ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक सात विकेट पर ९९ रन बनाये थे। हैदराबाद को इस जीत से बोनस अंक सहित कुल सात अंक मिले। त्यागराजन ने ५२ रन देकर छह विकेट चटकाते हुए त्रिपुरा की बल्लेबाजों की कमर तोड़ दी जबकि भारत के तेज गेंदबाज सिराज ने नौ ओवर में १९ रन देकर दो विकेट हासिल किए। त्यागराजन ने पहले सत्र में कल के नाबाद बल्लेबाज सेंतु सरकार को जल्दी आउट कर दिया जिसके बाद त्रिपुरा की टीम अधिक देर नहीं टिक सकी। त्रिपुरा ने पहली पारी में १३४ रन बनाए थे जिसके जवाब में हैदराबाद ने २९४ रन बनाकर बड़ी बढ़त हासिल की थी। श्रीनगर में ग्रुप ए मुकाबले के बारिश से प्रभावित तीसरे दिन मध्य प्रदेश ने जम्मू-कश्मीरके खिलाफ दूसरी पारीमें पांच विकेटपर १५१ रन बनाये जिससे उसकी कुल बढ़त २२७ रन की हो गयी। पणजी में बड़ौदा ने पहली पारी में आठ विकेट पर ४७२ रन बनाने के बाद गोवा को पहली पारी में १९९ रन पर समेटकर फालोआन दिया। बड़ौदा की ओर से महेश पिथिया ने ५८ रन देकर पांच विकेट लिए जबकि भार्गव भट्ट ने चार विकेट हासिल किए। गोवा ने दूसरी पारी में एक विकेट पर ३५ रन बना लिए है।

१६६ खिलाड़ियों को मिली मंजूरी, विवादित कोच बाहर

पैरा एशियाई खेल



नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। खेल मंत्रालय ने विवादों से घिरी चयन प्रक्रिया के बाद पैरा एशियाई खेलों के लिये १६६ खिलाड़ियों को मंजूरी दी है जिसमें विवादित पैरा निशानेबाजी कोच जय प्रकाश नौटियाल को दल से हटा दिया गया है। जापान के आइची नागोया में १८ अक्तूबर से होने वाले खेलों के लिये नौटियाल की जगह जीवन एल राय को दल में जगह दी गयी है। नौटियाल पर चयन के बदले धन की मांग और स्थापित मानदंडों का पालन नहीं करने के आरोप लगाये गए हैं। कई निशानेबाजों ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन करके उनकी बर्खास्तगी और आरोपों की जांच की मांग की थी। उन्होंने खेल मंत्री मनसुख मांडविया से भी मुलाकात करके अपनी शिकायतें उनके सामने रखीं। इससे पहले पैरा एशियाई दल के विदाई समारोह के दौरान भी उन्होंने प्रदर्शन किया था। ९४ टीम अधिकारियों और सहयोगी स्टाफ और १५ दल स्टाफ के साथ भारत का २७५ सदस्यीय दल १० खेलों में भाग लेगा। इनमें ६२ अथलेटिक्स में हैं जिनमें ४६ पुरूष शामिल हैं। विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता दृष्टिबाधित फर्राटा धाविका सिमरन भी टीम में है। उनके पूर्व गाइड उमर सैफी को डोपिंग के कारण बाहर कर दिया गया। अब उनके नये गाइड शिवम उनके साथ होंगे। साइकिलिस्टों के प्रदर्शन के बावजूद मंत्रालय ने ऐन मौके पर कोई बदलाव नहीं किये हैं और पैरालम्पियन अरशद शेख को ही जगह दी गयी है चूंकि टीम में चयन के दावेदारों में उनका प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ था। भारतीय साइकिलिंग महासंघ और भारतीय पैरालम्पिक समिति ने छह अन्य का चयन किया था लेकिन मानदंडों पर खरे नहीं उतरने के कारण उन्हें शामिल नहीं किया गया। टेबल टेनिस में स्वीकृत नामों में पैरालम्पिक रजत पदक विजेता भाविना पटेल शामिल है। बैडमिण्टन में २८ सदस्यीय दल को मंजूरी मिली है जिनमें दुनिया के पूर्व नंबर एक और तोक्यो स्वर्ण पदक विजेता प्रमोद भगत और रजत विजेता सुहास यथिराज शामिल हैं। भुजाहीन पैरा तीरंदाज शीतल देवीपर भी नजरें होंगी जो पैरा एशियाडमें दो स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। उनके साथ १८ वर्षकी पायल नाग भी भाग लेंगी जिन्होंने इस साल बैंकॉक में विश्व पैरा तीरंदाजी सीरीज में शीतल को हराया था। निशानेबाजी दल में पैरालम्पिक स्वर्ण पदक विजेता अवनि लेखरा और मोना अग्रवाल शामिल हैं।

पावर प्ले में भारत पड़ रहा भारी-सैमी

हैदराबाद (एजेन्सियां)। वेस्टइण्डीज के मुख्य कोच डेरेन सैमी ने मौजूदा टी-२० श्रृंखला के शुरुआती छह ओवरों को काफी अहम करार देते हुए मंगलवार को कहा कि भारत को उसी की धरती पर हराने के लिए उनकी टीम को बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में पावरप्ले जीतने होंगे। भारत पांच मैच की श्रृंखला में २-१ से आगे है। दोनों टीमों के बीच बुधवार को यहां चौथा टी-२० अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला जायेगा। सैमी ने कहा कि गेंदबाजी के दौरान पावरप्ले में काफी रन लुटाने के कारण वेस्टइण्डीज को हर बार मैच में वापसी करने के लिए अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ी है। सैमी ने कहा मुझे लगता है कि पावरप्ले में हम पिछड़ रहे है। इसी वजह से हम श्रृंखला में २-१ की बढ़त नहीं बना पाये है। हम भी २-१ से आगे हो सकते थे। उन्होंने बताया कि वेस्टइण्डीज की टीम पावरप्ले के बाद के तीनों चरणों में भारत की रन गति को १० रन प्रति ओवर से नीचे रखने में सफल रही है लेकिन पावरप्ले में भारतीय बल्लेबाजों ने लगभग १४.५ रन प्रति ओवर की दर से रन बनाये। उन्होंने कहा हमारे लिए पावरप्ले को नियंत्रित करना अहम है।

रन रोकने पर नहीं, विकेट लेने पर देना होगा ध्यान

-तिलक वर्मा



हैदराबाद (एजेन्सियां)। भारतीय टीम के उप कप्तान तिलक वर्मा ने मंगलवार को कहा कि भारत को वेस्टइंण्डीज की विस्फोटक बल्लेबाजी पर अंकुश लगाने के बजाय विकेट लेने पर ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि पांच मैच की टी-२० अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के चौथे मुकाबले में ही जीत दर्ज कर अजेय बढ़त हासिल करने के लिए गेंदबाजी योजनाओं को सही तरीके से लागू करना महत्वपूर्ण होगा। भारत श्रृंखला में २-१ से आगे है और बुधवार को जीत से वह अजेय बढ़त हासिल कर लेगा। वेस्टइण्डीज ने दूसरे टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत के २४९ रन के लक्ष्य को हासिल करके अपनी बल्लेबाजी की ताकत दिखाई थी। तिलक ने कहा कि भारत ऐसी टीम के खिलाफ ढिलाई नहीं बरत सकता जिसके आखिरी बल्लेबाज के पास भी बड़े शाट खेलने की क्षमता है। तिलक ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा वेस्टइण्डीज बहुत अच्छी टीम है विशेषकर टी-२० प्रारूप में। उसके खिलाड़ी काफी फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलते हैं इसलिए उन्हें इस प्रारूप की अच्छी समझ है। उनकी ताकत अविश्वसनीय है। उन्होंने कहा उनका हर खिलाड़ी बड़े शाट खेल सकता है। जब तक सभी १० विकेट नहीं गिर जाते मैच खत्म नहीं होता। तिलक ने कहा कि टीम ने दूसरे मैच में अपने रक्षात्मक रवैये की समीक्षा की है। मुख्य कोच गौतम गंभीर ने गेंदबाजों को अधिक आक्रामक होने और विपक्षी टीम को हावी होने देने के बजाय विकेट लेने के लिए प्रयास करने की सलाह दी है। तिलक ने कहा कि वह टीम की जरूरत के मुताबिक अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा मुझे तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना पसंद है और मैं कई बार यह बात कह चुका हूं। मैं हमेशा दबाव वाली जिम्मेदारी लेना चाहता हूं। जब टीम को मेरी जरूरत होगी तो मैं आगे आना चाहूंगा। तिलक ने कहा अगर जल्दी विकेट गिरते हैं तो मैं समय लेकर पारी को आगे बढ़ा सकता हूं लेकिन अगर सलामी बल्लेबाज या शीर्ष तीन बल्लेबाज १४वें या १५वें ओवर तक बल्लेबाजी करते हैं तो मुझे पता है कि पहली गेंद से ही अपने खेल की रफ्तार कैसे बढ़ानी है। राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम की दोबारा तैयार की गई पिच पर सामान्य परिस्थितियों से अलग चुनौती मिलने की उम्मीद है। तिलक ने कहा कि भारतीय टीम बल्लेबाजी की रणनीति तय करने से पहले पिच और परिस्थितियों का आकलन करेगी।



महादेव पीजी कालेज को पुरुष वर्ग का भी खिताब

वाराणसी। महादेव पीजी कालेजने लालपुर स्थित जीवनदीप महाविद्यालय में हुई अंतर महाविद्यालयीय हैण्डबाल प्रतियोगिता में सीएट कालेज को कड़े संघर्षमें २७-२४ से हराकर पुरुष वर्ग का खिताब भी जीत लिया। इससे पहले उसने सोमवार को महिला वर्ग का खिताब भी अपने नाम किया था। फाइनल मुकाबलेमें दोनों टीमों के बीच एक-एक अंक के लिए संघर्ष देखनेको मिला। आगे-पीछे होने के क्रम में आखिरकार बाजी महादेव पीजी कालेज के हाथ लगी। मैच के पश्चात महाविद्यालय की वाइस चेयरमैन डाक्टर अंशु सिंह ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्राफी और पदक प्रदान किया। इस मौके पर प्राचार्य डाक्टर इंद्रेश चद्र मिश्र, नंदलाल यादव, डाक्टर अमित सिंह, डाक्टर सिद्धार्थ सिंह, राजेश कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

काशी विद्यापीठ को दो स्वर्ण, एक कांस्य

वाराणसी। काशी विद्यापीठके खिलाड़ियोंने मंगलवार को इण्टर यूनिवर्सिटी काशी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता की क्रास कंट्री दौड़में दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक हासिल किया। पुरुष वर्ग में बिपिन यादव ने ३० मिनट ९.१९ सेकेंड के समय के साथ तथा महिला वर्ग में छाया भारती ने ३६ मिनट ४१.२९ सेकेंड के साथ पीला तमगा हासिल किया। महिला वर्ग में ही प्रियंका पटेल ने ४१ मिनट ५८.२८ सेकेंडके साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।


गिल और शेफाली प्लेयर आफ द मंथ

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। भारतीय कप्तान शुभमन गिल को मंगलवार को आईसीसी ने रेकार्ड पांचवीं बार महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जबकि सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को एशिया कप और एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिये महिला वर्ग में यह सम्मान मिला। शुभमन ने वेस्टइण्डीज की कप्तान हाले मैथ्यूज की बराबरी कर ली जो पांच बार यह सम्मान पा चुकी हैं। शेफाली ने पिछले साल नवम्बर में विश्वकप फाइनलमें दक्षिण अफ्रीकाके खिलाफ विजयी पारी खेलनेके बाद यह पुरस्कार जीता था। एक ही देशसे महिला और पुरूष दोनों क्रिकेटरोंको चुने जानेका यह पांचवां मौका है। इससे पहले भारतसे जसप्रीत बुमराह और स्मृति मंधाना को जून २०२४ में चुना गया था। वहीं अभिषेक शर्मा और मंधानाको सितम्बर २०२५ में चुना गया। शुभमनने अभिषेक, सिकंदर रजा को पछाड़ यह पुरस्कार जीता। वहीं महिला वर्गमें श्रीलंकाकी कप्तान चामरी अटापट्टू और भारत की स्पिनर श्री चरणी भी दौड़ में थीं।

न्यूजीलैण्डमें बढ़ सकती है भारतकी क्षेत्ररक्षण कमजोरी

-आर श्रीधर

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। टीम इंडिया के पूर्व फील्डिंग कोच आर. श्रीधर ने चेतावनी दी है कि न्यूजीलैण्ड दौरे पर भारत की फील्डिंग कमजोरियां बढ़ सकती हैं। श्रीधर ने कहा ठंड और तेज हवा के बीच क्षेत्ररक्षण मुश्किल होगा। इसके लिए खिलाड़ियों को मुश्किल परिस्थितियों में खुद को ढालना होगा। भारत का न्यूजीलैण्ड दौरा २२ अक्तूबर को हेग्ले ओवल में पहले टी-२० से शुरू होगा। इसके बाद चार नवम्बर से एकदिनी श्रृंखला और १९ नवंबर से वेलिंगटन में टेस्ट श्रृंखला शुरू होगी। श्रीधर भारतीय टीम के कैच छोड़ने की समस्या से चिंतित हैं। उन्होंने क्षेत्ररक्षण में एक टीम कल्चर बनाने की जरूरत बताई। भारत ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अपनी पहचान बनाई है लेकिन कैच छोड़ने और मौके गंवाने की समस्या लगातार बनी हुई है। श्रीधर ने कहा मुझे लगता है कि हमारे क्षेत्ररक्षकों को वहां की परिस्थितियों के अनुरूप ढलना होगा। जैसा कि आप जानते हैं एल नीनो, सुपर एल नीनो के कारण इस साल भारत में अक्तूबर बहुत गर्म रहा है। उन्होंने कहा हमारे क्षेत्ररक्षकों, गेंदबाजों और बल्लेबाजों को काफी बदलाव के लिए तैयार रहना होगा। न्यूजीलैण्ड की परिस्थितियां क्षेत्ररक्षकों के लिए मुश्किल हो सकती हैं। वेलिंगटन तेज हवाओं के लिए जाना जाता है। जबकि क्राइस्टचर्च में वसंत के दौरान सुबह और शाम ठंडी हो सकती हैं। श्रीधर ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों को ठंड के कारण गेंद पकड़ने में परेशानी न हो। इसके लिए हाथों को गर्म



रखना होगा। खासकर वेलिंगटन में जहां बहुत तेज हवा चल सकती है, ऊंचे कैच हमेशा चुनौती बन सकते हैं। उन्होंने कहा अगर आप क्राइस्टचर्च में हैं तो हेग्ले ओवल एक शानदार, हरा भरा क्रिकेट मैदान है और वहां बहुत ठंड हो सकती है।

१२ दिन बाकी, नहीं मिला चीन से अब तक वीजा

विश्व वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिपमें भागीदारी पर संशय



नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। विश्व वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में १२ दिन शेष हैं लेकिन टीम यहां शिरकत करेगी या नहीं यह अब तक तय नहीं है। एशियाई खेलों में रजत पदक जीतकर लौटीं मीराबाई चानू की यह नये भार वर्ग ५३ किलो में पहली चैम्पियनशिप होगी। उनकी अगुवाई में आठ सदस्यीय टीम का चयन किया हुआ है लेकिन टीम का अब तक न चीन का वीजा लगा है और न साई की अंतिम मंजूरी मिली है। २४ अक्तूबर से आठ नवम्बर तक निंगबो में होने वाली यह चैम्पियनशिप लास एंजिलिस ओलम्पिक का पहला क्वालिफाइंग इवेंट है। भारतीय भारोत्तोलन संघ ने चैंपियनशिप के लिए मीराबाई, ज्ञानेश्वरी (५३), निरुपमा, उषा (६१), हरजिंदर (६९), एम राजा, चारू पेसी (६५) और लवप्रीत (११० किलो) का चयन किया है। सूत्र बताते हैं कि एशियाड में मीरा को छोड़कर अन्य लिफ्टरों के प्रदर्शन के हिसाब से साई को टीम के चयन पर आपत्ति है। खासतौर पर एक भार वर्ग में एक से अधिक लिफ्टरों के चयन पर। संघ का कहना है कि ओलम्पिक के क्वालिफिकेशन सिस्टम के अनुसार एक भार में कई लिफ्टर खेल सकते हैं। ओलम्पिक में इस बार भार वर्ग को नहीं क्वालिफाइंग टूर्नामेंटों में खेलने वाले लिफ्टरों को रैंकिंग के आधार पर कोटा मिलना है। एशियाई खेलों के ठीक बाद चैम्पियनशिप होने से मीरा को नये भार में तैयारी का समय नहीं मिला है। पिछली चैम्पियनशिप में ४८ किलो में १९९ किलो वजन उठाकर रजत जीतने वालीं मीरा ५० किलो के अपने सामान्य वजन के साथ चैम्पियनशिप में उतरने की तैयारी में हैं। उन्होंने इस चैम्पियनशिप से ज्यादा उम्मीदें नहीं लगा रखी हैं लेकिन ओलम्पिक क्वालिफिकेशन के लिए वह यहां खेलने की तैयारी में हैं।

मंधाना की एकदिनी में बादशाहत बरकरार

दुबई (एजेन्सियां)। स्मृति मंधाना ने एकदिनी बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपनी बादशाहत बरकरार रखी है। ७९० अंकों के साथ वह शीर्ष स्थान पर काबिज हैं। भारतीय महिला क्रिकेट के लिए यह अहम उपलब्धि है और इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन का पता चलता है। वहीं हरमनप्रीत कौर एकदिनी बल्लेबाजी रैंकिंग में नौवें स्थान पर हैं। आस्ट्रेलिया की अनुभवी आलराउंडर एलिसे पैरी ने भी शीर्ष १० में जगह बना ली है। उनकी वापसी से महिला क्रिकेट की शीर्ष बल्लेबाजों के बीच प्रतिस्पर्धा और दिलचस्प हो गयी है। भारतीय आलराउंडर दीप्ति शर्मा एकदिनी गेंदबाजों की ताजा रैंकिंग में एक स्थान नीचे खिसककर नौवें नंबर पर पहुंच गयी हैं। महिला टी-२० अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शेफाली वर्मा भारतीय खिलाड़ियों में सबसे ऊंचे स्थान पर रहने वाली बल्लेबाजों में शामिल हैं।

विकास के पांच अथलीटों ने जीता सोना









वाराणसी। विकास इण्टर कालेजके छात्र शुभम पाल, हरित चौधरी, मोहम्मद आफराइम, शोएब खान और रतिमा पटेल ने यहां जगतपुर इण्टर कालेज के मिट्टी के ट्रैक पर शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित ७०वीं जिला अथलेटिक्स प्रतियोगिताके पहले दिन स्वर्ण पदक जीत लिया। शुभम पाल ने जूनियर बालक वर्ग की १०० मीटर दौड़, मो. आफराइन ने २०० मीटर दौड़, शोएब खान ने लंबी कूद और रतिमा पटेल ने बालिका लंबी कूद ने सुनहरी कामयाबी हासिल की। सीनियर बालक वर्ग में हरित चौधरी ने १०० मीटर में पीला तमगा हासिल किया। छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन डाक्टर एके सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उम्मीद जतायी कि अभी इस प्रतियोगितामें विद्यालय के और खिलाड़ी भी पदक लानेमें सफल रहेंगे।

युवराज दिल्ली कैपिटल्स के सहायक बल्लेबाजी कोच बने

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के सहायक बल्लेबाजी कोच बन गये हैं। फ्रेंचाइजी ने मंगलवार को इसका ऐलान किया। युवराज पहली बार किसी टीम की कोचिंग करेंगे। टीम के मुख्य कोच सौरभ गांगुली हैं। युवराज २०१५ में दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए खेले थे। उस समय फ्रेंचाइजी ने उन्हें १६ करोड़ रुपये में खरीदा था। यह उस समय आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी खिलाड़ी बोली थी। नयी जिम्मेदारी मिलने पर युवराजने कहा कि दिल्लीके साथ उनका पुराना जुड़ाव है। युवराजने बताया कि कोचिंग ऐसा काम है जिसे लेकर वे वास्तव में जुनूनी हैं। अपने १२ साल के आईपीएल करियरमें वे छह फ्रेंचाइजी किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स), पुणे वारियर्स इंडिया, रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु, दिल्ली डेयरडेविल्स, सनराइजर्स हैदराबाद और मुम्बई इंडियंस से खेले।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल — बुधवार, 14 अक्टूबर 2026

- मेष- कार्यों मे बाधा, अशांति का वातावरण, आत्मविश्वास में कमी, इच्छापूर्ति में बाधा।
- वृषभ- योजना की पूर्ति, मान-सम्मान, पारिवारिक खुशी, आरोग्य सुख, यात्रा का सुयोग।
- मिथुन- व्यापार में लाभ, शत्रु परास्त, मित्रों से सहयोग, धनसंचय की प्रवृत्ति, संत समागम।
- कर्क- व्यवसायिक प्रगति, गलफहमी दूर, आत्मिक शान्ति, विरोधी परास्त, मन प्रसन्न।
- सिंह- कार्यों में निराशा, स्वास्थ्य में शिथिलता, क्रोध की अधिकता, मानसिक तनाव।
- कन्या- आशाएं फलीभूत, वाहन से खुशी, उलझनों में कमी, धन संचय, धर्म में आस्था।
- तुला- प्रियजनों का सहयोग, वाद-विवाद का समापन, मनोविनोद के अवसर, मानसिक शांति।
- वृश्चिक- अधूरे कार्य पूर्ण, शिक्षा में रुचि, मानसिक राहत, पर्वतीय स्थलों की यात्रा, खुशी भी।
- धनु- विवाद से कष्ट, जोखिम से हानि, धन की क्षति, मित्रों से मनमुटाव, एकाग्रता भंग।
- मकर- श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, परिवार में हर्षोल्लास, जनकल्याण में रुचि, मानसिक शांति।
- कुम्भ- नवयोजना दृष्टिगत, अधूरे कार्य पूर्ण, मानसिक राहत, यात्रा का सुयोग, मन खुश।
- मीन- स्वनिर्णय लाभप्रद, परिस्थितियों में सुधार, मांगलिक आयोजन संपन्न, आशा पूर्ण।

आज है जिनका जन्मदिन — 14 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 14 का मूलांक 5 का स्वामी ग्रह बुध एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। मस्तिष्क गतिशील रहेगा। प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी होंगे। में असाधारण विश्लेषणात्मक क्षमता होगी। किसी के दबाव में रहकर कार्य नहीं करेंगे। परिस्थितियों के अनुसार को ढाल लेंगे। आपके जीवन में आधुनिकता का समावेश रहेगा। हाथ पर हाथ रखकर बैठना पसन्द नहीं करेंगे। आपके पास आय के स्रोत एक से अधिक रहेंगे। कला-संगीत-सौन्दर्य की ओर झुकाव अधिक रहेगा। जोखिम उठाना आपकी सबसे बड़ी विशेषता होगी। दाम्पत्य जीवन सामान्य रहेगा। आपकी तर्क शक्ति तीव्र होगी। आर्थिक शक्ति के लिए जीवन में अनेकों परिवर्तन करेंगे। साथ-साथ दूसरों को भी प्रसन्न रखने में सक्षम होंगे। इष्ट देवी-देवता की पूजा एवं अर्चना अवश्य करें। दैनिक जीवन में सफेद रंगों से सम्बन्धित वस्तुओं का प्रयोग अधिकतम करें। बुधवार के दिन हरे रंग की वस्तुओं का दान करें। समाज सेवा निष्काम भाव से करें। परोपकारी बनें। सुख-समृद्धि व सफलता के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ			
मंत्र	ॐ ह्रीं बुधाय नमः	मास	जनवरी, अक्टूबर एवं दिसम्बर
व्रत	बुधवार	वर्ष	5, 14, 23, 32, 41, 50, 59, 68
दिन	रविवार, गुरुवार एवं शनिवार	रंग	सफेद एवं हरा
दिनांक	5, 14, 23	जन्मरत्न	पन्ना (उपरत्न : एक्वामीरीन)
अंक	4, 6, 8	जड़ी	विधारा की जड़ (दिशा : उत्तर)

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—21 अक्टूबर से 20 अक्टूबर, 21 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

यन्त्र

9	4	11
10	8	6
5	12	7

				2				
			7				1	
9		6						4
	4						8	
		5			7			
				6		9		
						6		
	7							5
	1		4					

सुडोकू ४०८३

तरीका खेलने का : दिमागी खेल और नम्बरों की पहेली है। तर्क से इसे हल कर सकते हैं। [illegible]

[illegible]

सुडोकू ४०८२